# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION

## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**

**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** **GRADE – VIII** **M.M:80**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

**खंड 'क'**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5×2=10)**

पेड़-पौधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे हमें शुद्ध वायु, फल, फूल और लकड़ी प्रदान करते हैं। पेड़ वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायता करते हैं तथा वर्षा लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज बढ़ते प्रदूषण और जंगलों की कटाई के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। यदि हम पेड़ों की रक्षा करेंगे, तो वे भी हमारी रक्षा करेंगे।

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

(क) पेड़-पौधे हमें क्या प्रदान करते हैं?

i.केवल फल ii.केवल लकड़ी iii. शुद्ध वायु, फल, फूल और लकड़ी iv. केवल फूल

(ख) पर्यावरण को नुकसान किस कारण हो रहा है?

i. पेड़ लगाने से ii. जंगलों की कटाई और प्रदूषण से iii. वर्षा होने से iv. फलों के उत्पादन से

(ग) हमें क्या करना चाहिए?

i. पेड़ों को काटना चाहिए ii. पेड़ों की उपेक्षा करनी चाहिए

iii. अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए iv. जंगलों को नष्ट करना चाहिए

**तर्क/कारण आधारित प्रश्न:**

(घ) पेड़ वातावरण को स्वच्छ रखने में कैसे सहायता करते हैं?

(ड) पेड़ों की रक्षा करना क्यों आवश्यक है?

**2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5×1=5)**

बिन परिश्रम के जीवन सूना, जैसे बिना दीप के आँगन दूना।
जो करता मेहनत तन-मन से, सफलता चूमे उसके चरण से।
बीज बोए जो धरती माँ में, फसल लहराए खेत-खलिहान में।
आलस त्यागो, उठो सवेरे, भाग्य बनेगा कर्म तुम्हारे।

(क) कविता के अनुसार सफलता किसके चरण चूमती है?

i. आलसी व्यक्ति के ii. मेहनत करने वाले के iii. भाग्यशाली व्यक्ति के iv. धनवान व्यक्ति के

(ख) कवि ने बिना परिश्रम के जीवन की तुलना किससे की है?

i. बिना जल की नदी ii. बिना फूल का बगीचा iii. बिना दीप के आँगन iv. बिना फल का पेड़

(ग) धरती माँ में बीज बोने पर क्या होता है?

i. पेड़ सूख जाते हैं। ii. फसल लहराती है। iii. वर्षा होती है। iv. भूमि बंजर हो जाती है।

(घ) कविता में किसे त्यागने की बात कही गई है?

i. क्रोध ii. लोभ iii. आलस iv. मोह

(ड) कवि के अनुसार भाग्य किससे बनता है?

i. धन से ii.कर्म से iii. मित्रों से iv. शिक्षा से

**खंड 'ख'**

**3. निम्नलिखित शब्दों के श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए :** **(2×1=2)**

(क) कोश , कोष (ख) अनल , अनिल (ग) अंक , अंग (घ) गाड़ी , गाढ़ी

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो - दो अनेकार्थी शब्द लिखिए:** **(2×1=2)**

(क) अंबर (ख) काल (ग) कर (घ) जड

**5. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(4×1= 4)**

(क) किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को क्या कहते हैं?

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ (ii) जातिवाचक संज्ञा ☐

(iii) भाववाचक संज्ञा ☐ (iv) समूहवाचक संज्ञा ☐

(ख) भाववाचक संज्ञा शब्दों का बहुवचन रूप क्या बन जाता है?

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ (ii) जातिवाचक संज्ञा ☐

(iii) द्रव्यवाचक संज्ञा ☐ (iv) भाववाचक संज्ञा ही रहता है

**6. उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

(क) द्रव्यवाचक संज्ञा व समूहवाचक संज्ञा ………………… भाषा के व्याकरण के प्रभाव से हिंदी में आए हैं। वैसे हिंदी में संज्ञा के ………………… भेद ही माने जाते हैं। **(1)**

(ख) वचन बदलकर दुबारा लिखिए। **(1)**

**i.** नवयुवक सितार बजा रहा है।

ii. यात्री कृपा ध्यान दें।

**7. विशेषण शब्द बनाइए–** **(4×1=4)**

(क) कला (ख) नगर (ग) योग (घ) शक्ति

**8. निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंशों में कारक बताइए–** **(2×1=2)**

(क) अच्छी सेहत के लिए सुबह की सैर और योगाभ्यास आवश्यक है।

(ख) श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध किया।

**9. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित अंशों में सर्वनाम का भेद बताएं -** **(4×1=4)**

(क) क्या आपने अभी तक आधार कार्ड नहीं बनवाया?

(ख) कोई बहुत मीठी बांसुरी बजा रहा है ।

(ग) तुम्हें यह काम खुद करना चाहिए था।

(घ) यह आवाज किसकी है?

## खंड 'ग'

**11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -** **(5×1=5)**

तुंबा का फूट जाना अर्थात अनर्थ होना। एक कहावत प्रचलित है- 'तूमा गला फुटी, देव गला उठी' अर्थात किन्हीं अपरिहार्य कारणों से यदि तुंबा फूट जाता है तो लोक जीवन में समझा जाता है कि उनके देवी-देवता उनसे रुष्ट हो गए हैं, तुंबा उनके जीवन में 'देवतुल्य' माना जाता है।

क. लोक जीवन में तुंबा के फूट जाने का क्या अर्थ होता है ?

i. देवता से वरदान मिलना ii. शुभ संकेत मिलना iii. देवी-देवता का रुष्ट होना iv. विपत्ति आना

ख. अनर्थ होना किसे कहा गया है ?

i. तुंबा का खो जाना। ii. तुंबा का फूट जाना। iii. तुंबा का पाया जाना। iv. तुंबा का सड़ जाना

ग. तुंबा से संबंधित क्या प्रचलित है ?

i. लोककथा ii. लघुकथा iii. मुहावरा iv. कहावत

घ. तुंबा को क्या माना जाता है ?

ङ. अपरिहार्य का अर्थ बताइए।

12 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दें -** **(5×2=10)**

क. अंधी ने बेटे के इलाज के कौन-कौन से तरीके अपनाए?

ख. भंगाहल गांव के लोगों का जीवन कैसा है?

ग. एक सैनिक के लिए किसका मुंह नहीं होता है?

घ. झांसी क्या गिन रही थी और क्यों ?

ङ. तुंबा आर्ट क्या है?

13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई पाँच प्रश्नों के उत्तर विस्तार से  दें -** **(5×3=15)**

क. सेठ जी ने अपने खोए हुए बेटे को कैसे पहचाना ?

ख. बिलिंग क्यों मशहूर है?

ग. तुंबा कैसे बनाया जाता है?

घ. बिलिंग पर पांव पड़ते ही कैसा अनुभव होता है ?

ड. सिपाही कविता का मूल उद्देश्य क्या है?

च. बेल का आखिरी पत्ता किसने बनाया था तथा इसके बारे में कैसे पता चला?

**खंड 'घ'**

14. माता और पुत्र के बीच हुई बातचीत  पर आधारित  **संवाद** 75 - 80 शब्दों में  लिखिए । **(5)**

15. **निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखें :** **(5)**

वीडियो गेम पर बहुत अधिक समय बिताने वाले छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

16 'हम सुधरेंगे जग सुधरेगा'-  विषय पर अनुच्छेद लिखें। **(5)**